# Office of the Coordinator P.E.T. 2023
# Maharaja Ganga Singh University
NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA
E-mail: pet2023@mgsubikaner.ac.in


क्रमांक : एफ.30( )/मगंसिंविबी/पीईटी 2023/113 दिनांक : 11.01.2024

## पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2023 हेतु परीक्षार्थियों के लिए अनुदेश

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 08.02.2024 को आयोजित होने वाली पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2023 के लिए अभ्यर्थियों हेतु निम्नलिखित निर्देश जारी किये जा रहे है। अभ्यर्थी इन निर्देशों की पालना सुनिश्चित करे। समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा के संबन्ध में समय–समय पर जारी किये जाने वाले दिशा निर्देशों/सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करे।

1. ई–प्रवेश पत्र प्रोविजनल है, परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने से पूर्व अपनी पात्रता के संबंध में संतुष्ट हो जाना चाहिए।
2. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर पहचान हेतु प्राथमिकता से मूल आधार कार्ड लेकर उपस्थित होगें। आधार कार्ड नहीं होने की स्थिति में विशेष परिस्थितियों में ही अन्य मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड या पासपोर्ट के आधार पर प्रवेश हेतु अनुमित किया जा सकता है। पहचान प्रमाण पत्र की छाया प्रति मान्य नहीं होगी।
3. परीक्षार्थी परीक्षा केंन्द पर केवल निम्नलिखित सामग्री लेकर उपस्थित होवें–प्रवेश पत्र, मूल पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/पेन कार्ड/पासपोर्ट) व उसकी छायाप्रति, एक रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एवं काला/नीला बॉल पैन।
4. परीक्षा केन्द्र में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के **30 मिनट पूर्व** तक ही प्रवेश दिया जायेगा। उसके **पश्चात् केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।**
5. परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारम्भ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जावें ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं, अतः समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
6. परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी की गहन सुरक्षा जांच (Frishking) की जाएगी। अतः आपकी सुविधा के लिए अनुरोध है कि परीक्षार्थी लाख/कांच की पतली चूड़ियों के अलावा अन्य कोई जेवरात पहनकर नहीं आवें। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, मोबाईल, किसी भी प्रकार का इलैक्ट्रॉनिक गेजेट धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा/ताबीज, कैप/ हैट, स्कार्फ, शौल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होंगे।
7. सर्दी के मौसम के मद्देनजर साधारण गर्म कपड़े एवं शूज (shoes) पहनकर परीक्षा में बैठने हेतु अनुमत किया जाता है।
8. सिख धर्म के अभ्यर्थियों को कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीक धारण कर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की जाती है। फ्रिस्किंग के दौरान उपर्युक्त के अतिरिक्त अन्य कोई संदेहास्पद उपकरण/वस्तु पाई जाता है तो उसे परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
9. परीक्षार्थी प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें।
10. परीक्षार्थी परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् उत्तर पत्रक की कार्बन प्रति एवं प्रश्न पत्र ले जा सकेंगे।
11. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में विशेष योग्यजन अभ्यर्थियों को स्वयं का श्रुतलेखक (Scribe) लाने हेतु अनुमत किया जाता है, ऐसे अभ्यर्थियों को एक वचन–पत्र (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा, जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध है। साथ ही श्रुतलेखक की सुविधा प्राप्त करने के लिए योग्य अभ्यर्थी वांछित चिकित्सा प्रमाण–पत्र परीक्षा से 02 दिवस पूर्व केन्द्राधीक्षक को प्रस्तुत करें अन्यथा श्रुतलेखक की सुविधा देय नहीं होगी। श्रुतलेखक के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि श्रुतिलेखक की अधिकतम शैक्षणिक योग्यता वर्ष 2023 तक 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो। श्रुतलेखक सुविधा हेतु अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर रूपये 750/– दो दिवस पूर्व जमा करवाने होंगे।
12. परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष में अपने लिए निर्धारित सीट पर ही बैठें, अन्य सीट पर बैठने पर उनकी अनुपस्थिति दर्ज की जा सकती है एवं विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

**Office of the Coordinator P.E.T. 2023**
**Maharaja Ganga Singh University**
NH 15, Jaisalmer Road, Bikaner-334004 (Rajasthan) INDIA
E-mail: pet2023@mgsubikaner.ac.in

13. ओ.एम. आर. शीट में अधूरे/गलत रोल नम्बर भरने वाले, दो या दो से अधिक अभ्यिर्थियों द्वारा एक ही रोल नम्बर भरे जाने पर गलत रोल नम्बर भरने वाले अथवा गलत स्थान पर बैठने वाले अभ्यर्थियों को मूल्यांकन प्रक्रिया से पृथक किया जाएगा तथा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
14. परीक्षा समाप्त होने पर वीक्षक द्वारा ओ.एम.आर उत्तर पत्रक एकत्रित करने के पश्चात् ही परीक्षार्थियों को अपनी सीट छोड़ने की अनुमति होगी।
15. परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र बुकलेट का कोई भी पृष्ठ या उसका हिस्सा अलग नहीं करेंगे। ऐसा करने पर विश्वविद्यालय द्वारा आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के अलावा दण्डात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है।
16. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में निर्धारित प्रविष्टियों/उत्तर के गोले गहरे करने के अलावा कोई भी निशान या संकेत लिखना दण्डनीय है। कृपया उत्तर–पत्रक (ओ.एम.आर.) भरने से पूर्व उस पर दिये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद ही ओ.एम.आर. में प्रविष्टियां करें। ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर में सही का निशान, आंशिक गोला भरना या गोले के अतिरिक्त पेन का छोटा या हल्का पॉइन्ट भी लगाया जायेगा तो उस स्थिति में भी जवाब गलत माना जायेगा।
17. परीक्षा में अनुचित साधन अपनाये जाने अथवा अनुचित सहयोग करने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के तहत् कार्यवाही की जायेगी। अनुचित साधनों में लिप्त अथवा लिप्त होने का प्रयत्न करने वाले को नवीनतम प्रचलित नियमों/अधिनियम के अनुसार दण्डित किया जावेगा।
18. अनुचित साधन अपनाये जाने एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंधन करने पर परीक्षार्थी की परीक्षा रद्द करने और भविष्य में विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में बैठने से रोकने (Debar) की दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है।
19. विभागीय वेबसाइट www.mgsubikaner.ac.in पर ई–प्रवेश पत्र के साथ उपलब्ध निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर उनकी पालना करना सुनिश्चित करें।
20. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि परीक्षाओं के संबंध में किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में ना आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के लिये अनुचित लाभ/रिश्वत की मांग करता है या किसी अन्य तरह का प्रलोभन या झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में विश्वविद्यालय को सूचित करें।
21. प्रश्न पत्र में कुल 70 प्रश्न होंगे तथा यह दो भागों में विभक्त होगा। भाग 'अ' में रिसर्च मैथोडोलॉजी पर आधारित 35 प्रश्न होंगे तथा भाग 'ब' में विषय से संबंधित 35 प्रश्न होंगे।
22. प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा तथा कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।
23. उत्तर पत्रक (ओ.एम.आर.शीट ) पर यथा स्थान प्रविष्टियें को पूर्ण करें।
24. प्रत्येक प्रश्न के पांच उत्तर विकल्प दिये जाऐंगे जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4,5 अंकित किया जाएगा। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले/बबल को उत्तर पत्रक पर गहरा करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक विकल्प भरना अनिवार्य है।
25. यदि आप उत्तर नहीं देना चाहते है तो उत्तर पत्रक में आवश्यक रूप से पांचवे (5) विकल्प को गहरा करे। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता तो ऐसी स्थिति में प्रश्न को जांचा नहीं जाएगा।
26. प्रत्येक प्रश्न के लिए मात्र **एक ही उत्तर** देवें। एक से अधिक उत्तर देने की स्थिति में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
27. प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्र में Part–A/भाग–अ अंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित होंगे।
28. विज्ञान संकाय के प्रश्न पत्र में विषय संबन्धित प्रश्न (Part-B) केवल अंग्रेजी भाषा में ही होंगे तथा अन्य संकायों में Part–B/भाग–ब के प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में होंगे। भाषा संबन्धित विषयों यथा अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी व संस्कृत में Part–B/भाग–ब के प्रश्न संबन्धित भाषाओं में ही मुद्रित होंगे।
29. राज्य सरकार द्वारा जारी प्रवेश नीति में वर्णित आरक्षण के अनुसार सीटों की गणना की जाएगी।

समन्वयक
पीईटी 2023